चौधरी बीरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब, एक बात कह कर मैं अपनी बात खत्म करूंगा। कल किसानामें के हमदर्द कामरेड

भांकर लाल ने कहा कि चीनी सात रु0 किलो मिलती है। मेरे पास फिगर्ज हैं, मैं बताता हूं। जब कांग्रेस पार्टी सत्ता से हटी उस साल यानी 1976–77 में चीनी का उत्पादन 62 लाख टन हुआ था। उसके बाद 1978 में यह उत्पादन घट कर 58 लाख टन रह गया और जब किसान का गन्ना खेत में सड़ रहा था तो उस वक्त उसकी कीमत देने के लिये कोई तैयार नहीं था। किसानों के बड़े नेता कहलवाने चौधरी चरण सिंह ने किसानों के लिये कुछ नहीं किया और उनके टाइम में चीनी का उत्पादन घटकर 40 लाख टन रह गया। तो इसकी जिम्मेदारी कांग्रेस की सरकार की नहीं है। आज ये कहते हैं कि डेढ़ महीने में चीनी की कीमत बढ़ गई। लेकिन इसका अगर कोई सही जिम्मेदार है तो वह लोक दल और जनता पार्टी के लोग हैं। अध्यक्ष महोदय, किसासनों के हक में नारा देने वाली इनको सरकार किसानों को कोई फायदा नहीं दे सकी। इन्दिरा गांधी का राज इस दे ा में 11 साल तक रहा और उस राज में किसानों को जो सहूलियत मिली, उसकी मिसाल इतिहास में कहीं नहीं मिलती है। चौधरी चरण सिंह ने एक काम किया कि ट्रैक्टर की कीमत 30 हजार रु0 बढ़ा दी, दूसरे इम्पलीमैंटस की कीमत बढ़ा दी और डीजल की कीमत बढ़ा दी। उन्होंने खाद पर पांच रु0 की सबसिडी देकर किसानों के आंसू पोंछने वाली बात की है। इन भाब्दों के साथ जो प्रस्ताव श्री सुरजेवाला ने पे ा किया है, मैं उसका समर्थन करते हुए अपना स्थान लेता हूं।

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल): आदरणीय अध्यक्ष महोदय, तीन मार्च को इस सदन में राज्यपाल महोदय के अभिभाशण पर विपक्ष की ओर से जिस अभद्रता का प्रद र्शन किया गया इसकी मिसाल आपको कहीं नहीं मिलेगी। राज्यपाल महोदय, के अभिभाशण पर जो इस तरह की निर्लज्जतापूर्ण घटना हुई, मैं इसकी जितने भी कड़े भाब्दों में निन्दा करूं उतनी ही थोड़ी है।

डा0 मंगल सैन: अध्यक्ष महोदय, इन्होंने अभद्रता (indecent) और निर्लज्जता (shameful) दो भाब्दों का प्रयोग किया है। मैं आपकी रूलिंग चाहता हूं कि क्या ये भाब्द पार्लिमैंटरी हैं ?

Mr. Speaker: I will get it checked up and if these words are found unparliamentary then I will get them @ expunged.

चौधरी भजन लाल: अध्यक्ष महोदय, ऐसी घटना को देक्ष कर हमारा सिर भार्म से झुक जाता है। अध्यक्ष महोदय, अपोजी ान का भी एक रोल हुआ करता है। जब हाउस में राज्यपाल महोदय अपना अभिभाशण पढ़ रहे थे और उस समय अपोजी ान की तरफ से जो परिचय दिया गया ऐसी मिसाल हरियाणा के इतिहास में देखने को नहीं मिलेगी। मैं इसके लिये राज्यपाल महोदय से क्षमा चाहता हूं और विपक्ष के रोल की कड़ी निन्दा करता हूं। अध्यक्ष महोदय, इसके अलावा विपक्ष के कुछ नेताओं ने बोलते हुए हमारे बारे में यह कहा कि हमने पार्टी के साथ बड़ा वि वासघात किया और दल बदल किया और डा0

मंगल सैन ने हमें भगौड़े तक भी कहा। अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी मार्फत विपक्ष के नेताओं और सदस्यगण को यह बताना चाहता हूं कि हमने किसी कुर्सी या कोई और लालच के लिये डिफैक ान की बात नहीं की बल्कि हमने तो दे ा की जनता की भावनाओं को देख कर ऐसा किया है। कन्या कुमारी से लेकर हिमालय तक दे ा की जनता ने प्रधानमंत्री, श्रीमती इन्दिरा गांधी में वि वास प्रकट किया। इसका सबूत आपने इलैक ान के रिजल्टस से देख लिया होगा। इसलिये जनता की भावना की कदर करते हुए हमने यह फैसला लिया। डिफैक ान तो वह हुआ करती है अगर एक या दो आदमी पार्टी छोड़ कर चले जाएं। लेकिन हमने तो 40 विधायकों ने सोच समझ कर यह निर्णय लिया और अपना विलय कांग्रेस पार्टी के साथ किया। हम समझते हैं कि दे ा में केवल श्रीमती इन्दिरा गांधी ही ऐसी नेता हैं जो दे ा को सही दि ाा दे सकती हैं। आपने पिछले अढ़ाई साल का वातावरण देखा। इस तरह के वातावरण की मिसाल इस दे ा में कहीं भी देखने को नहीं मिलेगी। आज ये कहते हैं कि हमने डिफैक ान की है।

****

****

****

चौधरी संत कंवरः स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। अभी माननीय मुख्य मंत्री जी ने कहा कि लोक दल के

नेता * * * या तो ये इस चीज को साबित करें या ये भाब्द एक्सपंज किये जाएं।

श्री अध्यक्षः यह प्वायंट आफ आर्डर नहीं है।

चौधरी भजन लालः स्पीकर साहब, इस बात को सारा दे ा जानता है।

श्री कंवल सिंहः स्पीकर साहब, * * * हमारे दे ा के नेता हैं। और वे इस हाउस के मैम्बर नहीं हैं तो क्या उनका नाम इस हाउस में लिया जा सकता है ?

श्री अध्यक्षः जो हिस्टारिकल फैक्ट है उस पर बात की जा सकती है।

श्री मूल चन्द जैनः स्पीकर साहब, मैं आपकी रूलिंग चाहता हूं कि यदि चीफ मिनिस्टर साहब किसी फैक्ट को हिस्टारिकल फैक्ट कहें तो क्या आप भी उसे हिस्टारिकल फैक्ट मान लेंगे ? हम इस बात को चैलेंज करते हैं। (ाोर)

श्री अध्यक्षः हिस्टारिकल फैक्ट वाली बात पर अगर आपको कोई डिसप्यूट है तो आप मुझे लिख कर भेज दें मैं इसको चैक अप कर लूंगा।

चौधरी भजन लालः स्पीकर साहब, मुझे इससे आगे भी एक बात कहनी पड़ेगी कि जब कोई आदमी डिफैक ान किया

करता है तो किसी मर्यादा को लेकर करता है। लेकिन * *

* * (ाोर)

Mr. Speaker: As far as the question of defection is concerned, from both sides of the House a number of challenges and accusations have been made at each other and if somebody makes an allegation on somebody, he must be prepared to face it. जिसने किसी पर एक्यूजे ान किया है उसमें इतना तो सुनने और बर्दा त करने का मादा होना चाहिये। मैं रूल तला ा कर रहा हूं कि जो हाई डिगनिटरीज हैं उनके बारे में जिक्र किया जा सकता है। मैं चैक अप कर लूंगा। लेकिन जब लीडर आफ दि हाउस बोल रहे हों तो उन्हें इस तरह इन्ट्रप्ट करना भाोभा नहीं देता।

चौधरी भजन लालः स्पीकर साहब, इन्होंने हाउस में कितनी बार इस बात की चर्चा की और हमने इनको आराम से सुना है। अब कम से कम भाान्ति से मुझे भी सुनने की कृपा करें, मैं आपको हकीकत बता रहा हूं। इस दे ा की जनता को पता है कि किस तरह से डिफैक ान करके इन्होंने दे ा का नाम कलंकित किया है, यह कहने में मुझे कोई हिचकिचाहट नहीं होगी। स्पीकर साहब, इस प्रान्त के नेता चौधरी देवी लाल एक ऐसे नेता हैं जिन्होंने 18 बार पार्टी बदली है। (व्यवधान) पार्टी किस तरह बदली है, इसका अन्दाजा आप इस बात से लगा सकते हैं कि जब तक वे प्रान्त के मुख्य मंत्री रहे तब तक उनके लिए जनता पार्टी ठीक थी और जब मुख्य मंत्री पद से हट गए तो जनता पार्टी छोड़

कर एक और नई पार्टी बना ली। इस पार्टी को लठ दल कहें या लोक दल कहें, यह बात आप देख लें लेकिन मेरे कहने का तात्पर्य यह है कि जिन लोगों के सियासी नेता का ऐसा करदार रहा हो, वे किस मुंह से कह सकते हैं कि हमने डिफैक ान की है। हमने मर्यादा में रह कर एक सिद्धान्त को अपनाया है और श्रीमती इन्दिरा गांधी ही ऐसी नेता हैं जो दे ा को सही दि ाा दे सकती हैं। (व्यवधान) मेरे जो साथी हैं, ये सारे ही कांग्रेस विचारधार के लोग हैं। किन्हीं बजूहात के कारण वे उस पार्टी से अलग हुए थे और अब वे अपने घर में वापिस आकर मन में खु ाी अनुभव कर रहे हैं। (व्यवधान) जैसे एक परिवार से कोई आदमी बिछड़ जाता है और कुछ समय के बाद वह अपने परिवार में वापिस आ जाए तो उसके परिवार के लोग उसको बहुत प्यार से गले लगाते हैं। इसके लिए हम श्रीमती इन्दिरा गांधी के एहसानमंद हैं, जिन्होंने हमें अपने घर में बुलाकर, गले लगाकर प्यार किया। उनका धन्यवाद करने के लिए हमारे पास कोई भाब्द नहीं हैं। (व्यवधान)

चौधरी संत कंवरः स्पीकर साहब, यहां पर तो ये तारीफ कर रहे हैं लेकिन एक जनवरी को इलैक ान जलसे में इन्होंने कहा था कि यह सबसे झूठी महिला हैं ..... (व्यवधान)

चौधरी भजन लालः मैंने ऐसा कभी नहीं कहा। (व्यवधान) आप कुछ कहते रहें, हमें इस बात की चिन्ता नहीं है। (व्यवधान) अध्यक्ष महोदय, श्री वीरेन्द्र सिंह ने सदन में इल्जाम

लगाया था कि मेरे हलके के लोगों की 22 मांगें थी और उनमें से मैंने 21 मंजूर कर लीं। चूंकि इन्होंने मेरे हलके का जिक्र किया था इसलिए मैं इन्हें बताना चाहता हूं कि 22 मांगों में से 1 मांग रह गई थी जो मेरे हलके बालसमन्द गांव की थी। वहां पर पिछले आठ सालों से 25 बैडज का हस्पताल टैम्परेरी तौर पर चल रहा है। जहां तक मुझे याद है, इसका उदघाटन भूतपूर्व मुख्य मंत्री चौधरी बंसी लाल ने किया था और श्री घन याम दास गोयल ने बनवाया था। उस फंक ान में मैं भी भाामिल था और मुझे पता है, यह मेरे हलके का गांव है और यहां पर आलरेडी हस्पताल है। (व्यवधान) मैं ऐसी बात नहीं करता जैसे इनके नेता बात करते है। ये अपने नेता की बात करते हैं जिनकी यह खासियत थी कि पांच मिनट के बाद उनको बात याद नहीं रहती थी। पता नहीं वे कौन सी गोली खाते थे। (ाोर) मैं एक दिन का वाक्या बताता हूं। हरियाणा भवन का .....

श्री हरफूल सिंहः स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। यह जो गोली वाली बात इन्होंने कही है, यह ठीक नहीं है। (व्यवधान एवं भाोर)

(इस समय कई मैम्बर प्वायंट आफ आर्डर रेज करने के लिए खड़े हो गए)

Mr. Speaker: When the Hon. Member is already on a point of order, I do not know how you can raise another point of order ? एक समय एक ही मैम्बर प्वायंट आफ आर्डर रेज

करे, आप छः छः मैम्बर एक ही दफा खड़े होकर प्वायंट आफ आर्डर रेज करते हैं, यह मुनासिब नहीं।

कई सदस्यः इन्होंने गोली का जिक्र किया है ..... (व्यवधान एवं भाोर)

चौधरी भजन लालः मैं आपका जिक्र नहीं करूंगा। (व्यवधान)

श्री अध्यक्षः विटामिन की गोली तो मैं भी सुबह खाकर आता हूं।

एक सदस्यः ये गोली का नाम बता दें। (व्यवधान)

श्री मूल चन्द जैनः स्पीकर साहब, मैं आपकी रूलिंग इस बात पर चाहता हूं कि जैसा कि चीफ मिनिस्टर साहब ने यहां कहा कि वे ऐसी गोली खाते थे जिससे वे पांच मिनट में बात भूल जाते थे। यह उन पर इल्जाम है और ऐसे आदमी के खिलाफ जो सी0एम0 रह चुके हैं, ऐसे लफ्ज इस्तेमाल नहीं करने चाहिए। मेरे विचार में ये लफ्ज डैरोगेटरी हैं। मैं आपकी रूलिंग चाहता हूं कि क्या ये लफ्ज डैरोगेटरी हैं या नहीं, अगर हैं तो इनको एक्सपंज किया जाए क्योंकि इससे हमारी फीलिंग इंजर हुई है। (व्यवधान)

Mr. Speaker: I will get this examined. Babu Ji please give it to me in writing. वह कौन सी गोली है वे क्या खाते थे यह सब मुझे लिख कर दें। मुझे इस बात का ज्ञान नहीं

है। अगर अपेरेंटली कोई ऐसी वैसी गोली है जिस पर सख्त एतराज उठाया जा रहा है तो मैं आपसे रिक्वैस्ट करूंगा कि आप इन राइटिंग दें। मैं इस प्वायंट को एग्जामिन करूंगा कि वाकई ही कोई गोली ऐसी है अगर ऐसी बात हुई तो इसे * एक्सपंज किया जायेगा।

श्री सुरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब, क्या आप खुद गोली खाकर एग्जामिन करेंगे या डाक्टर से एग्जामिन करवायेंगे। (व्यवधान)

चौधरी भजन लालः स्पीकर साहब, बाबू जी भी तो उनकी कैबिनेट में मंत्री थे, वे ईमानदारी से बता दें कि क्या वे पांच मिनट के बाद भूल नहीं जाते थे ? (व्यवधान व भाोर)

डा0 मंगल सैनः स्पीकर साहब, आन ए प्वायंट आफ आर्डर। स्पीकर साहब, बड़ी अजीब सी सिचुए ान क्रिएट हो गई है, इन्होंने बाबू जी की ईमानदार पर सन्देह किया है। (व्यवधान) आप भी बाबू जी से लिख कर मांग रहे हैं। मुख्य मंत्री जी ने बाबू जी को कहा कि वे भी कैबिनेट में मन्त्री थे, उनको पता है। मैं मुख्य मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि क्या ये उनकी कैबिनेट में मन्त्री नहीं रहे, इनको पता नहीं है ? (व्यवधान एवं भाोर) you must come straight forward. (व्यवधान) स्पीकर साहब, आप जांच कहां से करेंगे, क्या उनको बुलायेंगे ?

श्री अध्यक्षः डा0 साहब, मैं जांच कहां से करूंगा या कहां से नहीं करूंगा। मेरा काम मेरे ऊपर छोड़िए। आप अपना काम अपने आप करें। मैं आपके काम के लिए आपको एडवाइस नहीं देता और मेरे काम के लिए कृपया आप मुझे एडवाइस न दें। जांच कहां से करूंगा, इसके लिए मैं अपनी तरफ से पूरी कोि ा ा करूंगा। अगर किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सका तो आपको बुलाकर भी पूछ लूंगा। (व्यवधान)

डा0 मंगल सैनः स्पीकर साहब, मैंने कई गोलियां खाई हैं ..... कम्पोज की गोली, कीबासूल भी खाई है (व्यवधान)

श्री अध्यक्षः कम्पोज की गोली खाना कोई जुर्म नहीं है। (व्यवधान)

डा0 मंगल सैनः मैं बीकासूल खाता हूं। (व्यवधान)

श्री कन्हैया लाल पोसवालः स्पीकर साहब, गोली को डा0 मंगल सैन से टैस्ट करवा लें। (व्यवधान)

श्री अध्यक्षः आप भी तजुर्बेकार आदमी हैं। मैं जो इन्क्वायरी करूंगा उसमें आपका भी सहयोग लूंगा।

वित्त मंत्री (लाला बलवनत राय तायल): स्पीकर साहब, जैन साहब आपको लिख कर दें। इसकी बजाये जो कुछ वे ईमानदारी से कह देंगे वही मान लें। (व्यवधान)

श्री अध्यक्षः यह बात तय हो गई है कि वे खुद लिख कर देंगे या कहंगे (व्यवधान)

डा0 मंगल सैनः स्पीकर साहब, यह बाबू जी को ईमानदारी पर भाकर करते हैं। (व्यवधान) मुख्य मंत्री ने हाउस में जो कुछ कहा है वह डैरोगटरी है। (व्यवधान)

Mr. Speaker: Now there is hardly half an hour left. I would request the Hon. Members to let the Leader of the House speak for 20 to 25 minutes withoug undue interruption. अगर इन्ट्रप ान करने की कोई जरूरी बात है तो जरूर की जाए लेकिन अनडयू इन्ट्रप ान न करें।

चौधरी भजन लालः स्पीकर साहब, बाबू मूल चन्द जैन और डा0 मंगल सैन जो दोनों सीनियर मैम्बर हैं। वे खुद मानते हैं और कहा करते थे कि इनको 5 मिनट के बाद कोई बात याद नहीं रहती। (व्यवधान)

Dr. Mangal Sein: I had never said this to him. This is wrong and he is making a wrong statement. He is making me a party. (Interrruptions)

श्री मूल चन्द जैनः ये अपनी बात कह रहे हैं। गवर्नर ऐड्रैस पर जो प्वायंटस रेज हुए हैं, आप उनका जवाद दें।

चौधरी भजन लालः स्पीकर साहब, मैं इस बात पर ज्यादा नहीं कहूंगा, मैं तो सिर्फ एक मिसाल दे रहा था ....

श्री अध्यक्षः यादापमज वाला प्वायंट बड़ा सैंसिटिव है। This appears to be sensitive, Therefore, I would request the Hon. Chief Minister not to rub it too hard.

चौधरी भजन लालः स्पीकर साहब, वह बात बीच में ही रह गई। मैं कह रहा था कि एक दिन उन्होंने हरियाणा भवन में एक मीटिंग का टाईम फिक्स किया था और उसी वक्त कुछ आदमियों ने उनसे पूछा कि मीटिंग का क्या टाईम है। उन्होंने कहा था कि अढ़ाई तारीख को दो बजे। (व्यवधान) पता नहीं वे ** में थे या क्या बात थी, लेकिन यह हकीकत है।

श्री अध्यक्षः न ो वाली बात एक्सपंज कर दी जाए।

13.00 बजे

श्री प्रीत सिंहः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके द्वारा मुख्य मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि हरियाणा भवन में उस समय कौन कौन आदमी थे ? (ाोर)

राजस्व मंत्री (चौधरी भोर सिंह): अध्यक्ष महोदय, उस समय मैं और चौधरी लहरी सिंह वहां मौजूद थे (ाोर)

चौधरी भजन लालः स्पीकर साहब, मैं इस सम्बंध में ज्यादा जिक्र न करते हुए इतना जरूर कहूंगा कि मेरे लोक दल के भाईयों ने जोर जोर से डिफैक ान के बारे में, खास करके श्रीमती इन्दिरा गांधी जी को क्रिटिसाइज किया। अध्यक्ष महोदय, मैं लोक दल के भाईयों से यह कहना चाहता हूं कि श्रीमती इन्दिरा गांधी

जी की मेहरबानी से चौधरी चरण सिंह प्रधान मंत्री बने थे और चौधरी चरण सिंह की कोठी पर इन्हीं लोगों ने श्रीमती इन्दिरा गांधी जिन्दाबाद, संजय गांधी जिन्दाबार के नारे लगाए थे।

अध्यक्ष महोदय, अब मैं डिवैल्पमैंट के बारे में कुछ कहना चाहता हूं।

श्री बीरेन्द्र सिंह जी ने कहा कि मैंने 22 मांगों में से 21 मांगें मंजूर की हैं। वे मैंने इसलिए मंजूर की कि हमने स्टेट में डिवैल्पमैंट के कार्य करने हैं और लोगों की जो समस्याएं हैं उनका समाधान करना है। अध्यक्ष महोदय, अब मैं सदन का ध्यान प्रदे ा में जो सूखा पड़ा है, उसकी ओर दिलाना चाहूंगा। इस साल सारे दे ा में इतना भयंकर सूखा पड़ा है कि यदि आप 100 साल पहले का इतिहास उठा कर देखें, तो ऐसी मिसाल आपको नहीं मिलेगी। यह तो सब मानते हैं कि जो मैदानी इलाका होता है वहां बरसात कम होती है और पहाड़ों में ज्यादा होती है। लेकिन इस साल तो पहाड़ों में भी बरसात नहीं हुई। पहाड़ों में बरसात न होने के कारण हमारे जो डैम हैं उनमें भी पानी बहुत कम आया। उनमें भी पानी की सतह 60 फुट नीची है। पानी की सतह नीची होने की वजह से बिजली भी बहुत कम पैदा होती है। इसलिए नीचे फील्ड में बिजली की मांग बहुत ज्यादा बढ़ गई। इसके अलावा जो पम्पिग सैटस हैं वे भी डीजल से चलते हैं और ट्रैक्टर जिसे किसान खेती के काम के लिए इस्तेमाल करता है वह भी डीजल से चलता है। बिजली की कमी के कारण किसान ट्रैक्टर पर

पट्टा लगा कर पानी निकालता है लेकिन बदकिस्मती से डीजल की भी कमी हो गई। इसलिए हम भरसक प्रयत्न कर रहे हैं कि किसानों को ज्यादा से ज्यादा बिजली दी जाए और डीजल की कमी को देखते हुए हमने बार बार भारत सरकार को लिखा कि हमें डीजल का कोटा ज्यादा दिया जाए। जहां तक सूखे का ताल्लुक है इस बारे में भी हमने भारत सरकार को लिखा और भारत सरकार ने एक टीम भेजी जिसने हरियाणा के सूखाग्रस्त इलाके का सर्वे किया। उस टीम ने अपनी रिपोर्ट में लिखा कि हरियाणा में सूखे की वजह से कम से कम 100 करोड़ रुपए का नुक्सान हुआ है। इसको मद्देनजर रखते हुए हरियाणा प्रान्त को 15 करोड़ रुपए की बजाये हमें सिर्फ 4 करोड़ रुपए दिए। उसके बावजूद भी हमने अपने बजट में से 25 से 26 करोड़ रुपए तक की सबसिडी किसानों को खाद के लिए, बीज के लिए और चारे के लिए दी। इसके अलावा जिन किसानों की फसलें खराब हो गई उनका हमने 50 प्रति ात तक मालिया और आबियाना माफ किया। जहां तक डीजल की भाार्टेज का ताल्लुक है वह भाार्टेज केवल हरियाणा में ही नहीं बल्कि सारे हिन्दुस्तान में है। आज हिन्दुसतान में श्रीमती इन्दिरा गांधी के नेतृत्व में सरकार चल रही है। इस सरकार के आने के बाद इन समस्याओं का थोड़ा सा समाधान तो हुआ है लेकिन जितना होना चाहिए था उतना नहीं हो सका है। भारत सरकार में श्री पी0सी0 सेठी पैट्रोलियम मंत्री हैं। डीजल की ज्यादा सप्लाई करने के सम्बंध में उनसे एक दो बार मैं भी मिला हूं और नागर साहब भी मिले हैं। उन्होंने हमें बार बार यही

वि वास दिलाया है कि हरियाणा को हम ज्यादा डीजल का कोटा देने की कोि ा ा करेंगे। इसके अलावा बदरपुर पावर हाउस से हमें 8 लाख यूनिट बिजली मिलती है और उनसे हमने और ज्यादा बिजली मांगी है। उन्होंने हमें यह वि वास भी दिया कि हम आपको ज्यादा बिजली देने की कोि ा ा करेंगे लेकिन वहां के प्लांटस में खराबी आने की वजह से हमें पूरी बिजली नहीं मिल पाई। इसके बावजूद भी मैं अपने बिजली महकमे की तारीफ किये बगैर नहीं रह सकता क्योंकि उसके अधिकारियों और कर्मचारियों ने दिन रात मेहनत करके इस समस्या का समाधान करने की कोि ा ा की है। अध्यक्ष महोदय, हमने उपलब्ध बिजली में से कुछ हिस्सा इंडस्ट्रीज को भी दिया है और उसमें से ज्यादा हिस्सा किसानों को दिया है। अगर कोई यह कहे कि इंडस्ट्रीज का सारा हिस्सा काटकर किसानों को दे दिया जाए तो आप अन्दाजा लगा सकते हैं कि जो फैक्ट्रियों में वर्कर्ज काम करते हैं, वे बेकार हो जाएंगे। उनकी भी तो रोजी रोटी का सवाल है। इसलिए हमें सभी तरफ का ध्यान रखना पड़ता है। लेकिन फिर भी हमने प्राथमिकता किसानों को ही दी है और अब चूंकि किसानों की फसलें पकने वाली है इसलिए हमने फैसला किया है कि कुछ दिन के लिए चाहे हमें कारखाने बन्द रखने पडें लेकिन हम किसानों को बिजली जरूर देंगे ताकि उनका नुक्सान न हो।

अध्यक्ष महोदय, इसी तरह से डीजल और मिट्टी के तेल की ब्लैक के बारे में यहां हाउस में जिक्र आया। इसके लिए भी

हम पग उठा रहे हैं। अगर इस मामले में, कोई भी आदमी चाहे वह कितना ही बड़ा क्यों न हो, गड़बड़ी करता पाया जाएगा तो उसे बख्भाा नहीं जाएगा। इसी सम्बंध में हमने प्रदे ा के 206 केस दर्ज किये हैं और आगे भी हम सख्त से सख्त चैंकिग करवा रहे हैं तोकि कोई इस प्रकार की गड़बड़ी न होने पाये। इसके अलावा अध्यक्ष महोदय, कुछ माननीय सदस्यों ने कहा कि बिजली की वोल्टेज कम होने की वजह से किसानों के टयूबवैल्ज की मोटरें खराब हो जाती हैं। यह बात मैं भी मानता हूं कि मोटर खराब हो जाती हैं लेकिन चौधरी देवी लाल जी और श्री वीरेन्द्र सिंह जी हरियाणा में 2 साल तक सरकार में रहे। उस दौरान उन्होंने प्रदे ा में बिजली का एक तार भी नहीं खींचा और न ही कोई सब स्टे ान बनाया जिससे बिजली की प्रोडक ान बढ़ सकती। अध्यक्ष महोदय अब आप ही बतायें कि बिना किसी तार खींचे और बिना किसी सब स्टे ान बनाये बिजली की प्रोडक ान कैसे बढ़ सकती है ? उस समय चौधरी वीरेन्द्र सिंह जी सिंचाई तथा बिजली मंत्री होते थे वह यहां हाउस में बैठे हैं। इनसे पूछ लो यदि इन्होंने बिजली का कोई तार भी खींचा हो। अब ये दोश उलटा हमारी सरकार को दे रहे हैं।

जिस दिन मैं मुख्य मंत्री बना, आज से नौ महीने पहले, सबसे पहले मैंने पानी के बारे में सोचा। मैंने अधिकारियों से पूछा कि एस0वाई0एल0 चैनल का क्या किया ? आज ये इत तरह की बात करते हैं। यही नहीं, अध्यक्ष महोदय, जिस दिन मैं चौधरी देवी

लाल जी की कैबिनेट में भाामिल हुआ उस दिन भी सबसे पहले मैंने यही प्वायंट उठाया था कि आप मेहरबानी करके एस0वाई0एल0 चैनल का फैसला करें। मैंने उनसे कहा कि बादल साहब की दोस्ती में आप हरियाणा के हितों के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। (विघ्न) चौधरी देवी लाल जी ने इसी जगह से खड़े होकर कहा था कि 31 मार्च 1978 को एस0वाई0एल0 चैनल का उदघाटन होगा। आपको याद होगा कि उन्होंने यह भी कहा था कि प्रका ा सिंह बादल जी समारोह की अध्यक्षता करेंगे और मैं (चौधरी देवी लाल) एस0वाई0एल0 चैनल का उदघाटन करूंगा लेकिन उसके बाद वे आराम से सो गए और आज हरियाणा का किसान एक एक बूंद पानी के लिए तरह रहा है। 35 लाख एकड़ भूमि को सिंचिज करने के लिए जितना पानी चाहिए, यानी साढ़े तीन मिलियन एकड़ फीट पानी जिस प्रदे ा को मिलना हो उस प्रदे ा का मुख्य मंत्री बादल साहब की दोस्ती के कारण जरा सी भी सख्ती के साथ बात न करे, यह कितनी हैरानी की बात है। उसके बाद जब मैंने उनको उनके वायदे की याद दिलाई तो उन्होंने मुझे कहा कि मेरी तो प्रधान मंत्री से कम पटती है। आप ही उनसे बात कर लो। मैंने उनकी चार पांच मीटिंग्ज प्रधान मंत्री से करवाई। (विघ्न) पंजाब हमारा बड़ा भाई है लेकिन बड़ा भाई होने के बावजूद भी वह छोटे भाई के साथ कुछ न कुछ ज्यादती करता आया है। पंजाब को चाहिए था कि हरियाणा प्रान्त को जहां आबपा ाी 40 परसैंट है जबकि पंजाब में 80 परसैंट है वह पानी दे देता क्योंकि वह स्वयं उस पानी का इस्तेमाल नहीं कर रहा है बल्कि वह सारे का सारा

पानी 8 मिलियन एकड़ भूमि को सिंचित करने के लिए जितना पानी चाहिए उतना पानी पाकिस्तान को जा रहा है। कितनी हैरानी की बात है कि इन हालात में भी बड़ा भाई छोटे भाई को नहर नहीं बनाने दे रहा है। इन हालात में मैं तो भारत सरकार से प्रार्थना करूंगा कि यह मामला अपने हाथ में लेकर वह इस काम को करे। (विघ्न) अध्यक्ष महोदय यही नहीं पंजाब के भाई केस को सुप्रीम कोर्ट में ले गए। 29 मार्च की तारीख लगी हुई है। पंजाब सरकार ने कुछ प्वायंटस का जवाब देना है। उसके बाद पन्द्रह दिन में हरियाणा सरकार ने जवाब देना है। उसके बाद बहस भुरू होगी। अभी इसमें कितने दिन लगते हैं, कुछ कहा नहीं जा सकता लेकिन मुझे भरोसा है कि भारत सरकार के माध्यम से एस0वाई0एल0 चैनल का काम हम बहुत जल्दी भुरू करेंगे ताकि हरियाण का पानी हरियाणा को मिले।

अध्यक्ष महोदय, यहां बिजली का भी जिक्र आया। पानीपत का थर्मल प्लान्ट 1977 में चालू होना था लेकिन नहीं हुआ और ये पता नहीं कहां सोए रहे ? इन्होंने थर्मल प्लांट को चलाने के बारे में एक भी स्टैप नहीं उठाया। मैंने मुख्यमंत्री बनते ही मिस्टर खन्ना को बिजली बोर्ड का नया चेयरमैन लगाया। उनके और उनके इंजीनियर्ज के साथ मीटिंग की। मैंने जब उनके इंजीनियर से पूछा कि यह कब तक चालू हो जायेगा तो उसने कहा कि कम से कम डेढ़ साला और लगेगा। मैंने कहा कि यह बर्दा त करने लायक बात नहीं है। मेहरबानी करके आप रात दिन

काम चलाएं और इस यूनिट को जल्दी से जल्दी चालू करें। मैं चेयरमैम्न, बिजली बोर्ड को और उनके अधिकारियों को बधाई देता हूं कि उन्होंने रात दिन काम चला करके इस थर्मल प्लांट का उदघाटन पहली नवम्बर 1979 को हमारे दे ा के राश्ट्रपति श्री नीलम संजीवा रेड्डी द्वारा करवाया। इसके अलावा हम यमुनानगर में 800 मैगावाट का एक थर्मल प्लांट लगाने जा रहे हैं। (विघ्न)

श्री वीरेन्द्र सिंहः क्या यह यमुनानगर वाली योजना भी आपने बनाई है ?

चौधरी भजन लालः इसी तरह से फरीदाबाद में 60 मैगावाट और यमुनानगर में 64 मैगावाट बिजली तैयार करने वाले यूनिटस का काम सन् 1982–83 तक पूरा कर दिया जाएगा। 440 मैगावाट कैपेसिटी के पानीपत के थर्मल यूनिट्स भी 1983–84 तक पूरे कर दिए जाएंगे। नाथपा झाकड़ी प्रोजैक्ट के बारे में हमने हिमाचल सरकार के साथ नया ऐग्रीमैंट किया है जो प्रान्त के लिए बहुत लाभदायक है। ये सारी योजनाएं जब कम्पलीट हो जाएंगी तो मैं समझता हूं कि इस प्रान्त में बिजली की क्षमता 300 मैगावाट तक पहुंच जाएगी जो कि इस प्रानत में एक रिकार्ड होगा। उसके बाद न किसी इंडस्ट्री के लिए और न किसी किसान के लिए बिजली की कमी रहेगी। (प्र ांसा) इस समय अध्यक्ष महोदय हमारे राज्य में 2 लाख से अधिक टयूबवैल्ज चल रहे हैं। हमने 2 अक्तूबर 1979 को एक अभियान भ्रारू किया था और उस अभियान

के तहत पांच महीनों में पन्द्रह हजार टयूबवैल्ज को बिजली के कनैक ान दिए। (प्र ांसा)

अध्यक्ष महोदय, कृशि उत्पादन के बारे में भी यहां बड़ी चर्चा की गई। इसमें दो राय नहीं कि सूखा पड़ने से बड़ी दिक्कत आई है लेकिन फिर भी हमने 60 लाख टन का लक्ष्य रखा जो कि एक रिकार्ड है और 21 लाख टन कमी वाले प्रदे ाों के लिए सैन्ट्रल पूल में दिया यह भी एक रिकार्ड है। (प्र ांसा)

सहकारिता के क्षेत्र में वर्श 1979–80 के दौरान 123 करोड़ रुपये के सरकारी ऋण किसान भाइयों को दिए गए जबकि 1978–79 में 110 करोड़ रुपये के दिए गए थे। यह भी एक रिकार्ड है। (प्र ांसा) ब्याज की दर भी 11 परसैंट से घटाकर साढ़े दस परसैंट कर दी गई है। हमने यह भी फैसला किया है कि सस्ती चीजें गांव गांव में हर घर तक पहुंचे। जिस गांव की आबादी दो हजार है उसमें उपभोक्ता भंडार बहुत जल्दी खोलेंगें ताकि डीजल मिट्टी का तेल और दूसरी आव यक चीजें किसानों को ठीक दामों पर मिल सकें। तो इस तरह से हम किसानों को इस दि ाा में भी पूरी राहत देने की भरसक कोि ा ा कर रहे हैं।

अध्यक्ष महोदय, ला एंड आर्डर के बारे में भी यहां जिक्र किया गया। ला एंड आर्डर का जहां तक ताल्लुक है आज हरियाणा प्रान्त की पुलिस पर सारे दे ा को गर्व है। हमारी पुलिस

को जितनी बधाई दी जाए उतनी थोड़ी है क्योंकि आज प्रदे ा में ला एंड आर्डर की कोई प्रौब्लम नहीं। छुट पुट घटनाएं तो होती रहती हैं। (विघ्न) यह ला एंड आर्डर की प्रौब्लम किसने खड़ी कर रखी है ? यह लोक दल के भाइयों ने खड़ी कर रखी है। (विघ्न) अध्यक्ष महोदय, आपको याद होगा कि इलैक ान के दिनों में जातिवाद का जहर दे ा में फैला कर गरीब आदमियों को किस तरह दबाया गया। जातिवाद का जहर फैला कर गरीब आदमियों को कुचलने की कोि ा ा की गई। हमारे नोटिस में है कि गरीब आदमियों को वोट तक डालने नहीं दिया गया। (विघ्न) खुद अपने हाथों से वोट डाले गए उन्हें पोलिंग स्टे ांज तक नहीं आने दिया गया, इसमें कोई दो राय नहीं। (विघ्न)

श्री मूल चन्द जैनः फरीदाबाद में गोलियां भी हमने चलाई होंगी ? (ाोर)

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, अब ये कहते हैं कि सरकार आपकी थी, वोट क्यों नहीं डलवाए ? कुछ जगह हमने थोड़ी बहुत कार्यवाही की। अगर ज्यादा करते तो ये हमारे ऊपर इल्जाम लगा देते कि भजन लाल की सरकार या उनके साथी हमारे साथ ज्यादती और जुल्म कर रहे हैं। लेकिन फिर भी मैं कहूंगा कि किसी को कानून अपने हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी जायेगी चाहे वह कितना ही बड़ा आदमी क्यों ने हो। हर गरीब आदमी की रक्षा करना सरकार का फर्ज है। (प्र ांसा) जो हरिजनों

के साथ पिछड़े हुए वर्ग के साथ ज्यादती करेगा, उस आदमी के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। (प्र ांसा)

जहां तक फरीदाबाद के इंसिडैन्ट का ताल्लुक है, आप जानते हैं कि वहां ला एंड आर्डर की प्रौब्लम सी0टी0यू0 और बी0एम0एस0 वर्कर्ज ने पैदा की थी। (विघ्न) भाटिया साहब ने कुछ नहीं किया। (ाोर) हां, हां मैं कहता हूं कि वह भी कर रहे हैं। (विघ्न) आपकी सिफारि ा की आव यकता नहीं। उस केस की हम जांच करवा रहे हैं। हमें पता चला है कि भाटिया जी निर्दोश हैं और इनके खिलाफ जो केस हैं उन्हें वापिस ले लिया जायेगा। मैं यह हाउस में कहता हूं (विघ्न)

श्री दीप चन्द भाटियाः अध्यक्ष महोदय आन ए प्वायंट आफ आर्डर अर्ज यह है कि * * * * *

डा0 मंगल सैनः स्पीकर साहब, जो कुछ इन्होंने कहा है यह ऐक्सपंज कर दिया जाए।

श्री अध्यक्षः यह कोई प्वायंट आफ आर्डर नहीं है। यह कुछ भी नहीं लिखा जाएगा।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, आप फौज में रहे हैं, आपको पता है कि अनु ाासन में रहना बहुत आव यक है। अगर अनु ाासन में नहीं रहेंगे तो कैसे काम चलेगा। पुलिस लोगों की सुरक्ष0ा नहीं करेगी तो किसी भी नागरिक की सुरक्षा या उसकी इज्जत सेफ नहीं रह सकती है। फरीदाबाद का यहां हाउस

में जिक्र आया। फरीदाबाद के अन्दर एक सब इंस्पैक्टर को लोगों ने डंडे से पीटा। उसको डले और पत्थर मार मार कर मार दिया। कितने ही सिपाही वहां पत्थरों और डलों से घायल हुए। इसलिए पुलिस को मजबूर होकर गोली चलानी पड़ी। गोली से नौ आदमी मारे गये लेकिन जब इतने आदमी इकट्ठे होकर झगड़े पर उतारू हो जायें और पैट्रोल पम्प को आग लगायें, दफतरों को आग लगायें और भाहर को आग लगाने पर आमदा हो जाएं तो पुलिस के पास गोली चलाने के सिवा कोई चारा नहीं रहा। स्पीकर साहब, जब एक सब इंस्पैक्टर मारा गया हो और कितने ही सिपाही घायल हो गये हों तो इन हालात में क्या पुलिस खड़ी देखती रहेगी ? यहां पर कहा गया है कि जो व्यक्ति मरे हैं उनके लिए दस दस हजार रुपये मुआवजे का एलान किया था। मैं उन भाइयों से यह पूछना चाहता हूं कि जो आदमी कानून को अपने हाथ में ले तो क्या उसको ईनाम दिया जायेगा ? कौन उसको ईनाम देगा ? मैजिस्ट्रेट इन्कवायरी कर रहा है उसमें जो व्यक्ति निर्दोश पाये जायेंगे और वे गोली से घायल हुए होंगे या मारे गये होंगे तो उनको मुआवजा देंगे। अभी तक मैजिस्ट्रेट की रिपोर्ट नहीं आयी है, जब रिपोर्ट आ जायेगी तो आगे कार्यवाही होगी। मेरी भी उनके साथ पूरी हमदर्दी है। उनमें कुछ ऐसे गरीब आदमी भी थे जिनको भड़का कर ऐसा वातावरण पैदा किया गया। जिन लोगों ने कानून को अपने हाथ में लिया, उन पर गोल चलानी पड़ी। मुझे बड़ा खेद है कि ऐसा करना पड़ा लेकिन कानून और व्यवस्था को ठीक रखने के लिए सरकार को ऐसी बात करनी पड़ती है।

बैठक का समय बढ़ाना

श्री अध्यक्षः मैं हाउस की सैन्स लेना चाहता हूं कि हाउस का टाईम बढ़ाया जाये या नहीं। अभी मुख्यमंत्री जी ने भी और बोलना है और डेढ़ बजने में थोड़ा सो समय बाकी है। मुख्यमंत्री जी कै बोलने के बाद वोटिंग भी होनी है। यदि मैम्बर साहेबान चाहें तो हाउस का टाईम बढ़ाया जा सकता है।

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल): स्पीकर साहब आधा घन्टा बढ़ा दिया जाये।

आवाजें: ठीक है जी, हाउस का समय आधा घंटा बढ़ा दिया जाये।

Mr. Speaker: Sitting is extended by half and hour.

राज्यपाल के अभिभाशण पर चर्चा (पुनरारम्भ)

चौधरी भजन लालः स्पीकर साहब, यहां हाउस में खानपुर और डहिने के बाबरियों का भी जिक्र किया गया। खानपुर में एक आदमी चरस बेचता था। वह दस नम्बर का बदमा ा था। उसको कई बार सजा भी हो चुकी थी। पुलिस को पता चला कि उसके घर में चरस रखी हुई है। इसलिए उसके पर रेड किया गया। जब वहां पर पुलिस का ए0एस0आई0 गया तो उसको पीटा

गया और उसका रिवाल्वर छीन लिया गया। अगर ऐसी हालात में भी पुलिस कार्यवाही नहीं करेगी तो क्या पुलिस पिटती रहे और जनता अनु ाासन भंग करती रहे ?

श्री मूल चन्द जैनः लेडीज को क्यों पीटा गया ?

चौधरी भजन लालः लेडीज ने उसको पीटा था और उन्हौंने ही रिवाल्वर छीना था। डहिने के बाबरियों का भी जिक्र आया। इस केस में मुकद्दमा दर्ज कर दिया गया और तहकीकात जारी है। इस केास में जो आदमी भी दोशी मिलेगा उसे पूरी सजा दी जायेगी। इसी प्रकार से श्री बलदेव तायल जी ने हांसी के कताई मिल का जो हैफ्ड की तरफ से लगाया हुआ है, जिक्र किया। वहां आपस में वर्कर्ज में झगड़ा हो गया था। हो सकता है कि वर्कर्ज के झगड़े में किसी औरत के साथ ज्यादती की गयी हो। मैं हाउस को बताना चाहता हूं कि हमने वहां पर 11 मुकद्दमें बनाये हैं और 75 आदमियों को गिरफ्तार किया है। जो आदमी भी कसूरवार मिलेगा उसको सख्त सजा दी जायेगी। बड़ोपल के सरपंच का भी जिक्र किया गया कि उसको कत्ल कर दिया गया। वहां का सरपंच निहायत ही भारीफ आदमी था। मैं भाोक प्रकट करने के लिए उसके घर भी गया था। जिस आदमी ने कत्ल किया था उसको अगले दिन ही गिरफ्तार किया गया। जिन जिन आदमियों का इस कत्ल में हाथ है उनको माफ नहीं किया जायेगा। गोहाने के अन्दर एक लड़की का कत्ल हुआ। उसकी

तफती ा जारी है, उसमें जो आदमी भी कसूरवार मिलेगा उसको माफ नहीं किया जायेगा।

श्री मूल चन्द जैनः उस लड़की के मरने के बाद भी तीन दिन तक पोस्टमार्टम क्यों नहीं किया गया ?

चौधरी भजन लालः उस लड़की के वारिस चाहते थे कि पोस्टमार्टम हमारे सामने होना चाहिये। जब उसके वारिस आ गये तो पोस्टमार्टम हुआ।

श्री मूल चन्द जैनः उसके मां बाप तो आ गये थ ?

चौधरी भजन लालः वारिस दूसरे भी तो हो सकते हैं। चौधरी बीरेन्द्र सिंह जी ने चौधरीवास के कत्ल का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि चौधरीवास में हरिजन का कत्ल हुआ है। उसमें गिरफ्तारी हो चुकी है। तफती ा जारी है। बाकायदा डी0एस0पी0 इन्क्वायरी कर रहा है। जो भी आदमी दोशी पाया जायेगा, उसको माफ नहीं किया जायेगा। रिवाड़ी का भी जिक्र आया। रिवाड़ी में कुछ वकीलों ने डी0सी0 को थरैट किया। यह कैसे हो सकता है कि एक वकील डी0सी0 को थरैट करे और यहां तक भी किया कि एक वकील ने तो डी0सी0 को थप्पड़ भी चलाया। कोई आदमी डी0सी0 पर थप्पड़ चलाये तो फिर क्या उसको माफ किया जायेगा ? जो व्यक्ति कानून को अपने हाथ में लेने की कोि ा ा करे उसको माफ नहीं किया जायेगा।

स्पीकर साहब, वाटर सप्लाई के बारे में कई सदस्यों ने जिक्र किया। गत वर्श सरकार ने साढ़े सात करोड़ से बढ़ कर साढ़े करोड़ रुपया वाटर सप्लाई पर खर्च करने का निर्णय किया। इस साल 180 गांवों को पीने के पानी की सुविधा मिलेगी और अगले साल सन् 1980–81 में 135 गांवों में पीनें के पानी की योजना बनायी है।

इसी प्रकार से सड़कों की पोजी ान है। दिसम्बर सन् 1980 तक यानी नौ महीने में हरियाणा प्रांत का सिवाए खादर के इलाके के कोई भी ऐसा गांव नहीं रहेगा जिसको सड़क के साथ नहीं जोड़ा जायेगा। खादर के इलाके में कुछ बड़े बड़ै पुल बनाने पड़ते हैं। इसलिए वहां पर सड़क बनाने में बहुत टाईम लगेगा। हमने फैसला किया है कि जिस गांव की आबादी 250 की और पहाड़ी इलाके में 150 की है उसको सड़क के साथ जोड़ दिया जायेगा।

उप श्रम मंत्री (चौधरी लाल सिंह): स्पीकर साहब, मैं आज तक नहीं बोला और न ही बोलना चाहता था लेकिन मेरे से रहा नहीं गया क्योंकि मेरा सारा इलाका पहाड़ी इलाका है और आज से पहले किसी भी चीफ मिनिस्टर ने यह फैसला नहीं किया था कि 150 की आबादी वाले गांवों को भी सड़कों से मिलाया जायेगा। यह इस सरकार ने ही ऐलान किया है।

चौधरी भजन लालः इसी तरह से समाज का जो पिछड़ा वर्ग है यानी जो हमारे बाल्मीकी भाई हैं, उनकी तन्खाहें हमने 50 रुपये बढ़ायी हैं ताकि वे गरीब भी अपना ठीक तरह से गुजारा कर सकें और अपना सुखी जीवन बिता सकें। जो गरीब आदमी कारखानों में काम करते थे उनको पहले छः रुपये रोज मजदूरी मिलती थी लेकिन अब इस सरकार ने आठ रुपये मजदूरी कर दी है। यानी साठ रुपये महीने के हिसाब से उनकी तन्खाहें बढ़ायी गयी हैं ताकि वे भी अपने बच्चों का ठीक तरह से गुजारा कर सकें और अपना रहन सहन ऊंचा कर सकें।

स्पीकर साहब, जो हमारा पहले बीस सूत्रीय कार्यक्रम था जिसको आज से अढ़ाई साल पहले बन्द कर दिया था, उसको अब हम नये सिरे से भाुरू कर रहे हैं। हरियाणा प्रान्त पहला प्रांत होगा जिसमें सबसे पहले यह प्रोग्राम चालू होगा। जहां तक रोजगार देने की बात है उसके बारे में सरकार पूरी कोि ा ा कर रही है।

इसी तरह से यहां पर पे कमी ान की रिपोर्ट की भी बात आयी। हरियाणा पहला प्रांत है जिसने इतनी जल्दी पे कमि ान की रिपोर्ट को लागू किया है। पंजाब और दूसरे प्रांतों को आप देखें तो वहां पर एक एक साल रिपोर्ट को पढ़ने में ही लग गया। हमें ज्यों ही रिपोर्ट मिली हमने एक कमेटी चीफ सैक्रेटरी की अध्यक्षता में बनायी। वह कमेटी एक एक बात को देख रही है। जिस विभाग के इम्पलाइज के साथ बे इंसाफी हुई होगी

उसके साथ इन्साफ किया जायेगा। पे कमी ान की रिपोर्ट तीन महीने में सारे प्रांत में लागू कर दी जायेगी।

स्पीकर साहब, डाक्टर मंगल सैन जी ने न ाबन्दी के बारे में ड्राई डेज का जिक्र किया। ड्राई डेज उतने ही रहेंगे जितने पहले थे। न ाबन्दी के बारे में हमारा भी यही विचार है कि यह होनी चाहिए लेकिन अगर अकेला हरियाणा प्रान्त करना चाहे तो नहीं हो सकती। जब तक सारे दे ा में मुकम्मल तौर पर न ाबन्दी नहीं होगी तब तक अकेले हरियाणा के अन्दर बन्द कर देने से काम चलने वाला नहीं है। हमने कोि ा ा करके देखी थी परन्तु हमारे यहां पंजाब, राजस्थान और हिमाचल प्रदे ा से इतनी अधिक मात्रा में नाजायज भाराब आयी जिससे हमारी स्टेट के रैवेन्यू पर बड़ा असर पड़ा और ला एंड आर्डर की स्थिति भी खराब हुई। (ाोर) (चौधरी सतवीर सिंह मलिक की ओर से विघ्न) अध्यक्ष महोदय, मैं चौधरी सतवीर सिंह मलिक की बात यहां पर नहीं करना चाहता, वे नाराज होंगे। लेकिन जब इनके पास एक्साइज एंड टैक्से ान का महकमा था तो इनकी वजह से प्रान्त को साढ़े बारह करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। प्रान्त को नुकसान इसलिए हुआ कि उनकी प्लानिंग गलत थी और ठेके अपनी मर्जी से अलाट करने आरम्भ कर दिये। (ाोर)

श्री अध्यक्षः बीच में न बोलें आपको बाद में समय मिलेगा। (ाोर)

श्री मूल चन्द जैनः आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर। मैं जानना चाहता हूं कि यह जो फैसला था यह कैबिनेट का फैसला था या अकेले चौधरी सतवीर सिंह जी का था ? (ाोर)

चौधरी भजन लालः बाबू जी, हाउस में खम्भे पर लिखा हुआ कि हाउस में या तो बोले नहीं, अगर बोले तो सच बोलें। ये गलत बोल रहे हैं। (ाोर)

श्री मूल चन्द जैनः यह कैबिनेट का फैसला था। (ाोर)

चौधरी भजन लालः बाबू जी, आपने खुद मुझ से कहा था कि चौधरी सतवीर सिंह जी ने गलत पालिसी बनायी है। यह भी आपने कहा था कि इसमें घपता हुआ है। (ाोर)

श्री मूल चन्द जैनः यह गलत बात है। (ाोर)

चौधरी भजन लालः आपने मुझसे कहा था। मैं यह आन ओथ कहता हूं कि आपने मुझे कहा था कि यह गलत पालिसी बनायी है। 60 एम0एल0एज0 ने दस्तखत करके दिये उसमें आप के भी दस्तखते थे। (ाोर)

श्री मूल चंद जैनः वह कैबिनेट का फैसला था, अकेले चौधरी सतवीर सिंह का नहीं था। (ाोर)

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, चौधरी हरस्वरूप बूरा जी ने बड़े अच्छे रचनात्मक सुझाव दिये हैं उन सुझावों को हम जरूर इम्पलीमैंट करने की कोि ा ा करेंगे। स्पीकर साहब,

बाबू मूल चंद जैन जी बड़े पुराने और सीनियर एम0एल0ए0 हैं। उनकी मैं बड़ी इज्जत करता हूं। उन्होंने यहां पर लोक दल का चुनाव घोशणा पत्र पढ़ कर सुनाया। इस लोकदल को लठ दल भी कहते हैं (ाोर) जिस तरह से लोक लद के घोशणा पत्र को जनता ने कन्डैम किया ऐसी मिसाल दुनियां में कहीं नहीं मिलेगी। स्पीकर साहब, इतना ही नही आज तक कोई भी जो प्रधान मंत्री रहा हो, इतने कम सदस्य लेकर नहीं आया। जिस लोक दल के मैनिफैस्टों को जनता ने बुरी तरह से कन्डैम किया, उसको बाबू मूल चंद जैन जी यहां हाउस में लहरा रहे थे। इससे गलत बात और कोई नहीं हो सकती है। (ाोर)

श्री मूल चंद जैनः आपने भी तो कांग्रेस का मैनिफैस्टों नहीं पढ़ा ?

चौधरी भजन लालः स्पीकर साहब, हमारे साथी उदय सिंह दलाल ने भी कुछ अच्छे सुझाव दिये हैं। उन्होंने दुलहेड़े के सरपंच की सस्पैं ान का जिक्र किया। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ सरपंचों को बदले की भावना से सैस्पैड किया गया है। हमने ऐसी भावना से कोई भी सरपंच सस्पैंड नहीं किया। जिस जिस सरपंच की इन्कवायरी की है और वे उस इन्कवायरी में दोशी पाये गये होंगे तभी उन्हें सस्पैंड किया गया होगा। हर आदमी को इंसाफ दिया जायेगा। अगर किसी को नाजायज सस्पैंड किया गया होगा तो हम जांच करेंगे और अगर उसका कोई फाल्ट न मिला तो उसको बहाल किया जायेगा। मैं सुशमा जी का भी आभारी हूं

कि उन्होंने साहित्य अकादमी के बारे में कुछ सुझाव दिये हैं, उन पर भी हम गौर करेंगे। (ाोर) जो भी ठीक बात होगी वह हम करेंगे।

अध्यक्ष महोदय, आपको यह जानकर हैरानी होगी कि आज तक किसी भी सरकार ने मेवात के इलाके के विशय में नहीं सोचा था। हमने मेवात इलाके की कठिनाईयों को ध्यान में रखते हुए मेवात बोर्ड की स्थापना की है ताकि वहां पर पिछड़ापन है उसको दूर किया जा सके। हमने इस बोर्ड का गठन इसलिए किया है कि वहां पर कैसे इन्डस्ट्री लगाी जाये, कैसे पानी का प्रबन्ध किया जाये और कैसे ि ाक्षा का प्रबन्ध किया जाये ताकि मेवात के पिछड़े इलाके के लोगों को पूरी राहत मिल सके। सरकार अपनी ओर से इस क्षेत्र के लोगों को ऊपर उठाने के लिए पूरी पूरी कोि ाश करेगी।

इसके अलावा ब्रिगेडियर रण सिंज जी ने भी कुछ सुझाव दिये हैं उन पर भी सरकार विचार करेगी। हरियाणा का जो दिल्ली के आसपास चालीस मील का एरिया है उन्होंने उसमें सब्जियां उगाने के बारे में सुझाव दिया है। यह बड़ा अच्छा सुझाव है इस बारे में जरूर कोि ा ा करेंगे। अध्यक्ष महोदय, मैं एक बात जरूर कहूंगा कि डाक्टर मंगल सैन जी ने मुझे चैलेनज किया कि मिनिस्टर जो ग्रांटस देकर आये थे वे कैन्सिल कर दी गई है। पहलें इन्होंने जो ग्रान्टस दी उसका भी रिकार्ड है और अब जो दी हैं उसका भी रिकार्ड है। स्पीकर साहब, 22 जनवरी को हमने

कांग्रेस (आई) में विलय किया था। 22 तारीख की भााम को मैंने इनसे इस्तीफा मांगा था। (ाोर)

डा0 मंगल सैनः आप हमारा इस्तीफा मांगने वाले कौन होते थे ? हमने खुद इस्तीफा दिया था। (ाोर)

चौधरी भजन लालः मैं चीफ मिनिस्टर था तो आपने मुझे ही इस्तीफा देना था। (ाोर) ये तो वही बात चाहते थे जैसे चौधरी देवी लाल जी ने इनके साथ की थी लेकिन मैं बड़ी मर्यादा, में रहा और मैंने आप लोगों से इस्तीफा मांगा था। डाक्टर मंगल सैन ने 23 तारीख को 45 हजार रुपये की ग्रांट बांटने का एलान कर दिया। 22 तारीख की भााम को मैंने इस्तीफा मांगा है और 23 तारीख को ग्रांट देते हैं और 25 तारीख को यह फाइल जो मैरे हाथ में है हमारे कार्यालय में पहुंची है। यह रिकार्ड की बात है कि 22 तारीख को इस्तीफा मांगा गया और 23 तारीख को ये दस्तखत करते हैं। (ाोर)

डा0 मंगल सैनः स्पीकर साहब, क्या इनकी स्पीच खत्म होनै के बाद मुझे भी स्पश्टीकरण का मौका दिया जायेगा क्योंकि मैं भी रिकार्ड की बात हाउस को बताऊंगा।

श्री अध्यक्षः आपको भी मौका मिलेगा।

चौधरी भजन लालः मैं हाउस का ज्यादा समय न लेते हुए इन भाब्दों के साथ सदन से प्रार्थना करता हूं कि राज्यपाल

महोदय ने जो अभिभाशण दिया है उसको सर्व सम्मति से पास करके धन्यवाद का प्रस्ताव उनको भेजा जाये।

वैयक्तिक स्पश्टीकरण

(1) डा0 मंगल सैन द्वारा

Dr. Mangal Sein: Speaker Sahib, I may not be given time on personal explanation.

Mr. Speaker: I will give you time at the end. Now I cannot give you time. Please do not interrupt.

डा0 मंगल सैनः स्पीकर साहब, आप तो कमाल की बात कर रहे हैं ..... (व्यवधान एवं भाोर)

Mr. Speaker: The discussion on the Governor's Address is closed. I will now put the amendments and the motion to the vote of the House. There will be nothing else. You will get sufficient opportunity to explain your position.

चौधरी सतवीर सिंह मलिकः स्पीकर साहब, आपने तो उस वक्त यह कहा था कि आप बाद में टाईम देंगे ..... (व्यवधान एवं भाोर)

श्री अध्यक्षः अभी 15 दिन तक सै ान और चलना है। (व्यवधान व भाोर) यह प्वायंट 10 दिन से चल रहे हैं। यह नहीं कि आज ही भाुय हुए हों। (व्यवधान व भाोर) अच्छा एक मिनअ के

लिये डाक्टर साहब पर्सनल एक्सपलेने ान दे लें और एक मिनट के लिये सतवीर सिंह मलिक दे लें। Then the amendments and the motion of Thanks will be put to the vote of the House.

चौधरी भजन लालः स्पीकर साहब, फिर मुझे भी आपको दो मिनट देने पडेंगे।

डा0 मंगल सैनः अगर मैं कोई एलीगे ान लगाऊंगा तब ही तो आपको समय देना पड़ेगा। स्पीकर साहब, मैं यह कहना चाहता हूं कि ये जो डिस्क्री ानरी ग्रांटस मैंने दी है, इनकी अनाउन्समैंट मैंने काफी पहले की हुई थी। किस दिन मैंने यह एक्चुअली की थी, वह डेट मुझे याद नहीं है। .... (ाोर एवं व्यवघान)

श्री अध्यक्षः आपका कहना यह है कि आपने इन ग्रांटस की पहले अनाउन्समैंट की हुई थी। 45 हजार रुपया इकट्ठा ही कैसे दे दिया ?

डा0 मंगल सैनः सर, मैंने जो कमिटमैंट की हुई थी, उसको पूरा किया था।

श्री सुरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब, मैं इस बात पर आपकी रूलिंग चाहंगा और सरकार से भी यह चाहूंगा कि वह भी इस बात पर गौर करें कि जो वजीर 22 तारीख को वजीर नहीं रहा, 23 तारीख को अगर किसी गवर्नमैंट फाईल पर अपने दस्तखत कर दे तो क्या वह आफैन्स बनता है ?

Dr. Mangal Sein: I do not remember exactly the date on which the discrtionary grant was released. (Interrupions)

स्पीकर साहब, वह तो अभी बच्चा है उसको इसका पता नहीं है। स्पीकर साहब, मैंने जो अनाउन्समैंट की थी, वह पहले की हुई थी। बाद में मैंने वह दी हैं। मुझे एग्जैक्ट डेट याद नहीं कि कब मैंने वह दी थी। मैंने उसका कोई मिसयूज नहीं किया है। स्पीकर साहब, तब जनता पार्टी की गवर्नमैंट थी। जब इन्होंने दल बदला तो हम इनको छोड़ कर चले आये। ..... (व्यवधान व भाोर)

चौधरी भजन लालः इनसे तंग आकर आज बाबू जगजीवन राम जी भी छोड़ गये हैं।

डा0 मंगल सैनः स्पीकर साहब, इनकी मिली भगत थी। बाबू जगजीवन राम ने इनसे यह कहा था कि तुम जाओ, मैं बाद में आऊंगा।

(2) चौधरी सतवीर सिंह मलिक द्वारा

चौधरी सतवीर सिंह मलिकः स्पीकर साहब, अभी मुख्यमंत्री जी ने गवर्नर साहब के एड्रैस पर हुई बहस का जवाब देते हुए यह कहा कि साढ़े बारह करोड़ रुपये का लास गलत एक्साईज पालिसी की वजह से हुआ। स्पीकर साहब, आपको भी याद होगा, उस समय कैबिनेट में आप भी मेरे साथ थे। जो उस

वक्त पालिसी थी, वह कैबिनेट के सामने लायी। आपके सैक्रेट्रीज़ यहां पर बैठे हैं। आप फाईल मंगवाकर मेरी नोटिंग देखी लीजिये। फाईल पर मेरी बाकायदा नोटिंग है। मैं यह नहीं चाहता था कि इसी तरह से यह औक ान हो। कैबिनेट में जब यह मामला गया तो उस समय तीन आदमियों की एक कमेटी बनायी गयी थी, उसमें डाक्टर मंगल सैन, श्री वीरेन्द्र सिंह और मैं भाामिल थे। फाइनैंस सैक्रेटरी और एक्साईज सैक्रेटरी भी उसके मैम्बर थे। (व्यवधान व भाोर)

Mr. Speaker: Mr. Satvir Singh Malik, please sit down when I am on my legs. (Interruptions)

आर्डर प्लीज। मैं इतना ही कह सकता हूं कि मैं भी उस समय कैबिनेट में मौजूद था। यह कैबिनेट का फैसला था। श्री सतवीर सिंह मलिक, एक्साईज एण्ड टैक्से ान मिनिस्टर का अकेले का फैसला नहीं था। (व्यवधान व भाोर)

डा0 मंगल सैनः उस कैबिनेट में चौधरी भजन लाल भी भाामिल थे। (व्यवधान व भाोर)

श्री मूल चंद जैनः ये उस वक्त कैबिनेट में नहीं थे। (व्यवधान व भाोर)

राज्यपाल के अभिभाशण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर मतदान

श्री अध्यक्षः अब मैं श्री मूल चन्द जैन व 18 दूसरे अपोजी ान के सदस्यों द्वारा दी गयी अमैंडमैटस वोट के लिए पुट करता हूं।

Question is-

That in the motion, the folloiwng be added at the end, namely-

"but regret that no mention has been made of:-

(a) the steps taken for the removal of hurdles in the completion of the Sutlej-Yamuna Channel in Punjab territory so that Haryana's share of Ravi-Beas waters, which should have been available to Haryana in 1970, is available to Haryana farmers now ;

(b) the speedy implementation of the Union Govt. award on Abohar-Fazilka and other Hindi Speaking areas;

(c) securing transfer of canal head works situated in Punjab to Bhakra Management Board in accordance with the Punjab Reorganisaton Act 1966 tp emsire fair distribution of water to Haryana;

(d) the rapidly deteriorating law & order situation in the State;

(e)the abnoramal rise in prices of essential commodities and of hoarding, black marketing and of inaction by Government in cheching these nefarious activities;

(f) the step motherly treatment of agricultural sector in the matter of supply of electricity, diesel & cement;

(g) the wide spread corruption, inordinate delays & inefficiency in the administration & lack of political will in dealing with these problems;

(h) provision of un-employemnt allowaance to the educated unemployed, if they are not employed within one year of registration with Employment Exchanges;

(i) priority in the matter of employment in Government service to those whose families do not have any member already in Government service;

(j) the pro-capitalist & anti labour & anti farmers policies of the State Government;

(k) the total unsuitability of the educational system to the people in the State & of not taking any step to remove its defects especially for teaching moral & ethical values to the students;

(l) the slow progress of developmental work in the State despite numerous pre election announcements and laying of foundaton stones; aand

(m) any concrete step to avoid wasteful expenditure in the administration and in public spending by various departments".

श्री अध्यक्षः अब मैं मेन मो ान वोट के लिए पुट करता हूं।

प्र न है –

"कि राज्यपाल महोदय को इन भाब्दों में एक एड्रैस पे ा किया जाये–

'कि इस सै ान में इकट्ठे हुए हरियाणा विधानसभा के मैम्बर्ज उस एड्रैस के लिये राज्यपाल महोदय के बहुत आभारी हैं जो उन्होंने 3 मार्च 1980 को हाउस में देने की कृपा की'।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

श्री अध्यक्षः अब हाउस सोमवार, 10 मार्च, 1980 को दो बजे बाद दोपहर तक के लिए एडर्जन किया जाता है।

13.46 बजे

(तत्प चात सदन सोमवार, 10 मार्च, 1980, को 14.00 बजे तक के लिये स्थागित हुआ।)